## महत्वपूर्ण एवं खास

### आधा दर्जन अधिकारी-कर्मचारियों की नई पदस्थापना सूची जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के छह अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से पदस्थापना आदेश जारी की गई है। इस आशय का आदेश मंत्रालय महानदी भवन से जारी कर दिए है। यशवंत कुमार को नगर पंचायत, कुंरा का मुख्य नगर पालिका अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार श्वेता अंबिलकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत कुंरा को सहायक संचालक, क्षेत्रिय कार्यलय, संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन विभाग रायपुर में पदस्थ किया गया है। हरदयाल रात्रे, राजस्व उप निरीक्षक, नगर निगम चिरमिरी को नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, बनाया गया है। वहीं कमल सिंह चैहान राजस्व उप निरीक्षक, नगर पंचायत रामानुजगंज को नगर पंचायत, प्रतापपुर के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा राजेश कुशवाहा, सहायक ग्रेड-2 नगर पंचायत, प्रतापपुर के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नगर पंचायत विश्रामपुर में मूल पद सहायक ग्रेड-2 पर पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार 28 दिसम्बर 2019 के आदेश पर संचालनालय नगरीय प्रशासन, रायपुर में उपसंचालक, डी.के. बांसवार को नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर पदस्थ किया गया था, जिसे संशोधन करते हुए बांसवार को नगर पालिक निगम रायपुर में उपायुक्त के पद पर नवीन पदस्थापना की गई है।

### सांसद सोनी ने कोरोना रोकथाम सेंटर का निरीक्षण किया

» सेवा व सुरक्षा में लगे जवानों को फ्ल व मास्क प्रदत्त

**रायपुर (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा संसद सदस्य सुनील सोनी ने बुधवार को कोरोना संक्रमण की रोकथाम के प्रयासों का जायज़ा लिया। सोनी ने इस दौरान सभी नागरिकों से कोरोना से बचाव के लिए संयम व अनुशासनपूर्वक अपने घरों में रहकर कोरोना संक्रमण की प्रभावी रोकथाम में सहयोग करने की अपील की। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व सांसद सोनी लगातार कोरोना रोकथाम के प्रयासों पर नज़र रखे हुए हैं और इस काम में लगे डॉक्टर्स, नर्सेस व पुलिस प्रशासन समेत सभी विभागों के सेवाभावी अधिकारियों व कर्मचारियों से संपर्क व संवाद कर ज़रूरी दिशा-निर्देश दे रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को सांसद सोनी ने स्मार्ट सिटी क्षेत्र के पुराना बस स्टैंड स्थित मल्टीप्लेक्स पार्किंग पर पहुँचकर कोरोना रोकथाम सेंटर का निरीक्षण किया और सेवा-सुरक्षा के कार्यों में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा भोजन पैकेट्स तैयार कर रहे कार्यकर्ताओं चर्चा कर उनसे विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान सोनी ने पुलिस के जवानों को फ्ल और मास्क वितरित किये। सोनी ने इस दौरान भोजन पैकेट्स बनाने वाले कार्यकर्ताओ के साथ सेवा भी प्रदान की और सभी के अच्छे कार्यों के लिए धन्यवाद देकर उन सबको सेवा कार्य के लिए बधाई दी।

### इंडिया इंटरनेशनल कोआपरेटिव ट्रेड मेले में छत्तीसगढ़ को उत्कृष्ट सहकारी राज्य का पुरस्कार

» केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने दिया पुरस्कार

» छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर हुआ सम्मानित

**रायपुर।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल कोआपरेटिव ट्रेड मेले में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट सहकारी राज्य के पुरस्कार से नवाजा गया है। इस पुरस्कार को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन मर्यादित संघ को प्रदान किया। 11 से 13 अक्टूबर तक आयोजित तीन दिवसीय मेले में छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन मर्यादित संघ ने अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए थे। इस सहकारी मेले में विदेशों से भी खरीददार काफी संख्या में आए थे। मेले में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ और मार्कफेड ने भी स्टॉल लगाया था।

### शरद पूर्णिमा के अवसर पर खमतराई में लोगों ने सुनी लोकवाणी

**रायपुर।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री की रेडियो वार्ता लोकवाणी कार्यक्रम को आज खमतराई में आम जनता ने सुना। कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा लोकवाणी कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता से रूबरू होना बहुत उपयोगी कदम है।

# चक्रधरनगर थाने के दो आरक्षकों के साहस व मुस्तैदी से एटीएम चोरी की घटना हुई नाकाम

» एटीएम तोड़ रुपए चोरी की फिराक में थे 02 आरोपी, चक्रधरनगर गस्त पार्टी ने एक को पकड़ा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पिछले दिनों एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा द्वारा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सदस्यों को बताया गया था कि इस लाग डाउन में लोगों के घरों में रहने पर सड़क दुर्घटना एवं चोरी की घटनाओं में काफी कमी आई है।

सड़कों पर यातायात का दबाव नहीं होने तथा लोगों के अपने घरों में रहने से सड़क दुर्घटना एवं चोरी की घटनाओं का न होना लाजमी है। पुलिस की सर्वप्रथम ड्यूटी जन मानस एवं शासकीय संपत्ति की रक्षा करना है। वर्तमान में कोरोना वायरस से जनमानस को संक्रमित होने से बचाने हेतु सुबह से शाम पुलिस का बल चौक, चौराहों, गली मोहल्लों में तैनात होकर उन्हें घरों में रहने कहा जा रहा हैं तथा शासकीय संपत्ति की



सुरक्षा के लिए पूर्व की भांति पुलिस की पेट्रोलिंग व गस्त लगी हुई है जिसे भूल कर दो युवक दिनांक 07.04.2020 की रात्रि थाना चक्रधरनगर बोईरदादर स्थित एटीएम को तोड़फोड़ कर रुपए की चोरी करने के प्री प्लानिंग कर अपने साथ लोहे का सब्बल, कत्ता तथा छैन्नी, हथौड़े जैसे समान लेकर दादूराम ट्रेडर्स बोईरदादर के बगल स्थित एसबीआई के एटीएम को तोड़ने के लिए आए थे। दो युवकों में से एक युवक बाहर खड़ी होकर निगरानी कर रहा था तथा उसका साथी युवक सब्बल लोहे के औजार से एटीएम तोड़ रहा था इसी दरमियान एटीएम से आवाज आने पर

» दूसरे की तालाश जारी, लॉक टाउन में सुनेपन का फायदा उठाकर बड़ी घटना अंजाम देने के फिराक में थे आरोपी

» आरोपी थे हथियारों से लैस

किसी सज्जन द्वारा चक्रधरनगर थाने को सूचना दिया गया, सूचना पर चक्रधरनगर रात्रि गश्त पार्टी के दो आरक्षक श्वेत कुमार बारिक एवं नंद साय कंवर मौके पर पहुंचे।

एटीएम के अंदर एक युवक सब्बल हाथ में रखें खड़ा था जो एकाएक पुलिस को देखकर उस पर हमला करने ही वाला था कि आरक्षक नंद साय कंवर द्वारा साहस दिखाकर केन (डंडे) से चोर के हाथ में मारा जिससे सब्बल नीचे गिर गया। तब दोनों आरक्षक उसे जमीन में गिरा कर पकड़ लिए।उसका साथी इसे देख भाग गया।घटना की सूचना दोनों आरक्षकों द्वारा थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक विवेक पाटले को दिए।निरीक्षक विवेक पाटले मौके पर पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर पूरे इलाके में आरोपी के फरार साथी को पता तालाश किए किंतु अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी फरार हो गया।पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम मनीष दास पिता पूरन दास महंत 19 साल निवासी जेलपारा चौकी जुटमिल थाना कोतवाली तथा उसका साथी झारसुगुड़ा का रहने वाला है जो हाल ही में रायगढ़ आ कर रहा था। पकड़े गए आरोपी से 1 नग लोहे का सब्बल, कत्ता एवं अन्य लोहे के औजार तथा एटीएम का टूटा प्रोजेक्टर, सटर असेंबली, कैमरा, डिस्प्ले, आर.पी. व कुछ पाट्स जब्त किया गया है। आरोपियों की तैयारी ऐसी थी अगर कोई सामने आता तो प्राणघातक हमला कर देते। जवानों ने सूझबूझ और साहस से से आरोपी को अपने कब्जे में लिया।घटना के संबंध में थाना चक्रधरनगर में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 96/2020 धारा 457, 380, 511, 427, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है।

## जिले में विदेश से आये 146 में से 34 एवं अन्य राज्यों से आये 5870 में से 5667 यात्री होम आईसोलेशन में

» जिले में आज तक कोई भी कोरोना के पाजिटिव मरीज नहीं

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 01 जनवरी 2020 के बाद विदेशों से कुल 146 यात्री आये हैं जिसमें से 112 यात्रियों का होम आईसोलेशन एवं क्वारेंटाइन की अवधि 28 दिवस पूर्ण हो चुका है। शेष 34 यात्रियों को होम आईसोलेशन में रखा गया है।

इनके घरों के आस-पास 50 घरों का कम्यूनिटी सर्वेलेंस किया गया है एवं सतत् निगरानी रखी जा रही है। जिले में अन्य राज्य से अब तक कुल 5870 यात्री आये हैं जिसमें से 203 यात्रियों का होम आईसोलेशन की अवधि 28 दिवस पूर्ण हो चुका है। शेष 5667

**स्वास्थ्य विभाग कर रहा है इनकी नियमित मॉ निटरिंग**



यात्रियों को होम आईसोलेशन में रखा गया है एवं सतत् निगरानी की जा रही है। जिले में कुल 115 व्यक्तियों का सेम्पल संग्रहण कर जांच हेतु भेजा गया है। जिसमें से 110 व्यक्तियों का रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुआ है। शेष 05 का रिपोर्ट अप्राप्त है। जिले के सभी निवासियों से अपील है कि लॉकडाउन को सफल बनाएं एवं सामाजिक दूरी के नियमों का कड़ाई से पालन करें तभी इसके प्रसार को नियंत्रित किया जा सकेगा। जिले में यदि ऐसे किसी भी संदिग्ध प्रवासी की जानकारी उन्हें प्राप्त होती है, तो टोल फ्री नम्बर 104 पर एवं अंतर्विभागीय समन्वय हेतु दोनों नम्बर 9589356700 तथा 9981811582 पर एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल सूचना देवें। कोरोना संक्रमण के विरूद्ध लड़ाई में प्रशासन का सहयोग करें और अफवाहों से दूर रहें।

## लॉक डाउन की अवधि में वनोपज की व्यवस्था तथा परिवहन के लिए मिलेगी सशर्त छूट

» कलेक्टर यशवंत कुमार ने जारी किया आदेश



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** भारत सरकार द्वारा कोरोना वायरस (कोविड-19)के संक्रमण से बचाव हेतु पूरे विश्व में 21 दिन के लिए लॉक डाउन किया गया है। रायगढ़ जिले में लॉक डाउन के दौरान कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु स्वास्थ्यगत आपातकालीन स्थिति को नियंत्रण में रखने हेतु धारा 144 लागू है। कलेक्टर यशवंत कुमार द्वारा आदेश जारी कर लॉक डाउन की अवधि में वन विभाग की आवश्यक परिवहन सेवा लघु वनोपज के प्लांटेशन के लिए छूट प्रदान किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले में लघु वनोपज की व्यवस्था, रख-रखाव, प्लांटेशन तथा वनोपज के परिवहन की छूट निम्न शर्तो के अधीन प्रदान की गई है। जिसके तहत लघु वनोपज में लगे कर्मचारियों एवं मजदूरों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य है। कार्य स्थल पर मजदूरों के हाथ धोने के लिए साबुन, हैड वाश, पानी एवं सेनेटाईजर की व्यवस्था की जाए, ताकि कार्य में लगे मजदूर इसका उपयोग कर सकें।

» प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने जिला कलेक्टरों को जारी किए निर्देश

## ऑनलाइन शिक्षा पोर्टल पढ़ई सभी शासकीय स्कूलों शिक्षकों बच्चों का होगा पंजीयन

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के ऑनलाइन शिक्षा पोर्टल 'पढ़ई तुंहर दुआर' के संबंध में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. आलोक शुक्ला ने सभी जिला कलेक्टरों को योजना की जानकारी देते हुए जिले के सभी शासकीय स्कूलों के शिक्षकों और बच्चों का पंजीयन अनिवार्य रूप से इस पोर्टल में कराने के निर्देश दिए है। कलेक्टरों से राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजना में पूरा सहयोग करने और इसे बेहतर बनाने के लिए कोई सुझाव हो तो उसे भेजने कहा गया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्कूली बच्चों को घर पर ही रहकर पढ़ने के लिए देश के सबसे बड़े ऑनलाइन पोर्टल में से एक 'पढ़ई तुंहर दुआर' का 7 अप्रैल को अपने निवास कार्यालय में शुभारंभ किया था। इस पोर्टल के जरिए लाखों छात्र बिना किसी शुल्क के ऑनलाइन पढ़ाई कर सकेंगे। लॉकडाउन के साथ ही आने वाले समय में बच्चों की निरंतर पढ़ाई में यह कार्यक्रम बहुत उपयोगी साबित होगा। इस ई-लर्निंग प्लेटफार्म में ऑनलाइन इंटरएक्टिव कक्षाओं के जरिए शिक्षक और बच्चे अपने-अपने घरों से ही वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। यह छत्तीसगढ़ राज्य के छात्रों सहित हिन्दी भाषा राज्यों के लिए भी बहुत लाभदायक होगा। स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट सीजीस्कूलडॉटइन पर कक्षा पहलीं से 10वीं तक विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई के संसाधनों को इसमें उपलब्ध कराया गया है।

## कलेक्टर यशवंत कुमार ने कलेक्टर न्यायालय के अत्यावश्यक कार्यो के संपादन हेतु जारी किया आदेश



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने कलेक्टर न्यायालय के अंतर्गत अत्यावश्यक प्रकृति के कार्यों के संपादन हेतु आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि समस्त सुपुर्दनामा आवेदन एवं अन्य सभी अत्यावश्यक प्रकृति के प्रकरण इत्यादि की फाईलिंग दिनांक 7 एवं 8 अप्रैल 2020 को सुबह 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक स्वीकार की जाएगी। इससे से संबंधित ऐसे अत्यावश्यक प्रकृति के प्रकरण तथा ऐसे ही अन्य प्रकरण जो न्यायालय में पूर्व से दर्ज किए जा चुके है की अंतिम सुनवाई सह तर्क एवं यथोचित आदेश दिनांक 15, 16 एवं 17 अप्रैल 2020 हेतु नियत किया जावेगा। उपरोक्तानुसार प्रस्तुत आवेदन एवं प्रकरण की सुनवाई तिथि 15, 16 एवं 17 अप्रैल 2020 की सुनवाई में लिए जाने वाले प्रकरणों के संबंध में आवश्यक सूचना दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित की जावेगी। आवेदन को पेश करने एवं जवाब तथा तर्क इत्यादि हेतु नियत की गई तिथि पर केवल एक ही अधिवक्ता उपस्थित होंगे तथा पक्षकार की उपस्थिति आवश्यक नहीं होगी। आवेदन की प्राप्ति, फाईलिंग एवं अन्य आवश्यक कार्य हेतु सभी मातहत कर्मचारी को सूचित किया जाता है कि उक्त कार्य संपादित करने हेतु कम से कम कर्मचारी की उपस्थिति के तथ्य को ध्यान में रखते हुए अपना कार्य संपादित करेंगे। सभी अधिवक्तागण कलेक्टर न्यायालय परिसर में कम से कम व्यक्तियों की उपस्थिति के तथ्य को सजगता एवं जिम्मेवारी से निर्वाहित करेंगे। नियत प्रकरणों का फौज लिस्ट न्यायालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय व्यापार एवं कृषि खाद्य मेला के पोस्टर का किया विमोचन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में आज राजधानी रायपुर में 8 से 12 नवम्बर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय व्यापार एवं कृषि खाद्य मेला के पोस्टर का विमोचन किया।



मेला का आयोजन रायपुर के शंकर नगर स्थित बी.टी.आई. ग्राउण्ड में किया जाएगा। इस अवसर पर श्री राजेन्द्र जग्गी तथा श्री चन्द्रशेखर शुक्ला आदि उपस्थित थे।







स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHH-